# 12 दिनों में महज दो कबाड़ चोरी के आरोपी गिरफ्तार

## जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा सीआईएसएफ का जवान, 18 जनवरी को एनसीएल खदान अमलोरी में हुई थी वारदात

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 30 जनवरी। एनसीएल परियोजना अमलोरी के खदान में बीते 18 जनवरी की रात ड्यूटी के दौरान सीआईएसएफ के जवान प्रधान आरक्षक सतीशचन्द्र भारती को कबाड़ियों ने पीट-पीट कर अधमरा करते हुये झाड़ी में फेक दिया था। इस जघन्य अपराध के मामले में कबाड़ी गिरोह के दो सदस्य आरोपियों को घटना के 12वें दिन बाद नवानगर पुलिस गिरफ्तार कर जानकारी साझा की है। लेकिन पुलिस अधिकारी अपनी पीठ थपथपाने में पीछे नही दिख रहे हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि बैढ़न जोन में अपराधियों का हौसला पिछले दो-तीन वर्षो से काफी बुलन्द है।**



### सीआईएसएफ जवान की हालत अब भी गंभीर

एनसीएल अमलोरी खदान में 18 जनवरी की रात ड्यूटी के दौरान सीआईएसएफ जवान पर हुए जानलेवा हमले के मामले में फॉलोअप सामने आया है। अब तक पुलिस द्वारा केवल दो आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है, जबकि घटना से जुड़े अन्य कबाड़ी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर बताए जा रहे हैं। इस बीच वाराणसी में इलाजरत सीआईएसएफ जवान की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है और वह जीवन-मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा है। घटना को कई दिन बीत जाने के बावजूद सीमित गिरफ्तारी ने पुलिस की कार्यशैली पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। सीआईएसफ के अधिकारियों और जवानों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि इतने गंभीर हमले के बाद भी पूरे कबाड़ी नेटवर्क पर निर्णायक प्रहार नहीं किया जा सका। सभी अधिकारी-कर्मचारी घायल जवान के लिए लगातार प्रार्थनाएं कर रहे हैं।

दरअसल नवानगर थाना क्षेत्र के एनसीएल परियोजना अमलोरी के खदान में 18 जनवरी की मध्य रात सीआईएसएफ के जवान प्रआर सतीषचन्द्र भारती उम्र 47 वर्ष पर ड्यूटी कर रहा था, तभी कबाड़ियों का अज्ञात गिरोह के बदमाशों ने सीआईएसएफ जवान पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। साथ ही आरोपियों ने मौके से कई मीटर कॉपर केबल तार काटकर चोरी कर लिया और घायल जवान को नाले में फेंककर फरार हो गए। घटना की सूचना पर निरीक्षक विकास कुमार, निरीक्षक सीआईएसएफ एनसीएल अमलोरी द्वारा थाना नवानगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की और जब उक्त घटना को लेकर यह बात हाई लेवल तक पहुंची तो, जिले के पुलिस अधिकारियों के हाथ-पैर फूलने लगे। हालांकि पुलिस अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए हर संभव प्रयास किया, लेकिन यह बात जैसे ही मीडिया में आई, पुलिस अधिकारियों को दिन-मान में भी आसमान में तारे नजर आने लगे और आनन-फानन में एसपी ने एसआईटी टीम गठित कर आरोपियों पर 10 हजार रूपये ईनाम घोषित कर दिया। जिले में पूर्व में गठित एसआईटी ने चोरियों के मामले में कितना पर्दाफांस की है, यह बात किसी से भी छुपी नही है।

चर्चा है कि एसआईटी केवल वाहवाही लेने के लिए है। सीएसपी विंध्यनगर पुन्नू परस्ते ने अपना बयान जारी कर दावा किया है कि इस अपराध के मामले में रामधानी सिंह उम्र 38 वर्ष, निवासी थाना मोरवा तथा महेंद्र बैगा उम्र 34 वर्ष निवासी बछनार को चिन्हित कर पूछतांछ की गई। आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया और उनके कब्जे से प्रयुक्त सामग्री भी जप्त की गई है। वहीं अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रूपये का ईनाम भी एसपी के द्वारा घोषित किया गया है।

# नाती पर दादी से दुष्कृत्य करने का दर्ज हुआ मुकदमा, आरोपी गिरफ्तार

## नशे में धुत्त था आरोपी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 30 जनवरी। चितरंगी थाना क्षेत्र के एक गांव में नशाखोर आरोपी ने अपने ही रिश्ते की ताई के साथ दरिंदगी किया है। महिला की उम्र 80 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने दरिंदे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश की है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।**

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव के बहसी, नशाखोर दरिंदे आरोपी ने अपनी बड़ी माँ यानी ताई के रिश्ते को कलंकित करते हुये शर्मसार कर दिया है। पुलिस ने बताया कि एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला, जिसने जीवन की संध्या में सहारे और सम्मान की उम्मीद की थी, उसी घर में दरिंदगी का शिकार हो गई, जिसे उसने अपना सुरक्षित ठिकाना समझा था। पीड़िता के अनुसार यह घटना बीती देर रात करीब 12 बजे की है। पड़ोस में रहने वाला उसका देवर का बेटा उम्र 22 वर्ष शराब के नशे में उसके घर पहुंचा। उसने कहा कि वह उसी रात उसके घर में सोएगा। रात के अंधेरे में जब बुजुर्ग महिला गहरी नींद में थी, आरोपी ने अचानक उस पर हमला कर दिया। उसने महिला के हाथ-पैर खटिया से बांध दिए और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। हैवानियत की हद तब पार हो गई जब आरोपी ने उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य भी किया। दर्द, डर और बेबसी से जूझती महिला की चीख.पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर आरोपी वहां से भागा। घटना के बाद सदमे में डूबी पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। चितरंगी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज किया और घेराबंदी कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

## एक नजर में

### शहीद दिवस पर रखा गया दो मिनट का मौन



**सिंगरौली।** शहीद दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परसिर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सहित समस्त शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर शहीदो को स्मरण किया गया। इसके साथ ही शहीद दिवस के अवसर पर जिले के समस्त ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर के शास. कार्यालयों शैक्षणिक संस्थानो, विद्यालयो, महावि. छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मौन रखकर शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### अभ्यारण क्षेत्र बगदरा में युवा रोजगार मेला आयोजित

**चितरंगी।** अभ्यारण क्षेत्र बगदरा में आज दिन शुक्रवार को ग्राम पंचायत बगदरा में जिपं द्वारा बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा रोजगार मेला आयोजित किया गया। इस रोजगार मेले में टीजीपीएसएफ सर्विसेज, छतरपुर कंपनी द्वारा विशेष सुरक्षा जवान पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराई गई। रोजगार मेले में क्षेत्र के 150 से अधिक बेरोजगार युवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। निर्धारित वेकेंसी के अनुसार पात्र युवकों का चयन किया गया।

### जिला व्यापार का बैढ़न एवं देवसर में कार्यशाला 3 को

**सिंगरौली।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग ने बताया कि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग म.प्र. शासन की नीतियों एवं योजनाओं पर कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बैढ़न जिला सिंगरौली द्वारा कार्यशाला, सेमीनार, जागरूकता शिविर का आयोजन 3 फरवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक जपं बैढ़न तथा जपं देवसर के सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित होगा।

### मोटर में कटिया तार लगाते कुए में गिरी महिला

**सिंगरौली।** खुटार पुलिस चौकी क्षेत्र के पोखरा टोला निवासी सुनीता शाह पति उदयचन्द्र उम्र 22 वर्ष बीती शाम अपने कुए में मोटर में कटिया तार फंसा रही थी, तभी करंट का झटका लगने से कुए में गिर पड़ी और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी शीतला यादव हमराह के साथ घटनास्थल पहुंच शव को बाहर निकलवाने के लिए लग गई, तभी मृतिका के मायके पक्ष पहुंच हंगामा शुरू कर दिये। आधी रात को समझाइस के बाद शव को बाहर निकाला गया।





# नाम भिन्नता की आड़ में खेला राजस्व अमला संदेह के घेरे में

## मेढ़ौली एवं पंजरेह पटवारी हल्का का मामला

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 30 जनवरी। तहसील क्षेत्र सिंगरौली के राजस्व मण्डल पंजरेह के पटवारी हल्का मेढ़ौली व पंजरेह में विस्थापितों के नाम भिन्नता के आड़ में व्यापक वसूली की जा रही है और पूर्व में हो भी चुकी है। इस तरह के आरोप कुछ प्रभावित व्यक्तियों ने लगाया है और यहां के राजस्व अमले की कार्यप्रणाली पर उंगली भी उठाया है।**

दरअसल एनसीएल सिंगरौली के द्वारा मेढ़ौली-पंजरेह में विस्थापन की प्रक्रियाएं प्रचलित में हैं और मुआवजा वितरण संबंधित कार्य भी चल रहा है। जहां विस्थापितों के नाम में भिन्नता होने पर उसके सुधार के लिए प्रभावित व्यक्ति भागदौड़ भी कर रहा है। सूत्र बताते हैं कि राजस्व मण्डल पंजरेह के पटवारी हल्का मेढ़ौली एवं पंजरेह में सैकड़ों की संख्या में नाम भिन्नता पाई गई। जहां नाम भिन्नता सुधार के लिए प्रभावित व्यक्ति राजस्व अमले के शरण में गया। किंतु राजस्व का मैदानी अमला विस्थापितों के मुआवजा राशि देखकर उगाही-बगाही करने में पीछे नही रहा है। कुछ विस्थापित व प्रभावित व्यक्ति ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि यहां के राजस्व अमला नाम सुधार के एवज में अतिरिक्त कमाई का जरिया बना लिया है। इसकी जानकारी राजस्व मण्डल के जिम्मेदार अधिकारी को भी भलीभांति है। परंतु उनकी चुप्पी पर ही संदेह की उंगली उठने लगी है। आगे यह भी बताया कि नाम भिन्नता को सुधार कराने के लिए प्रभावित व्यक्ति भागदौड़ राजस्व अमले के यहां करते रहें और इसी का फायदा वें उठाये हैं। प्रभावितों ने यह भी कहा कि इस मामले में निष्पक्ष जांच हो तो कई राजस्व अमले की सच्चाई की पोल खुल जाएगी। प्रबुद्ध नागरिको ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# त्रिमुला इण्डस्ट्रीज के प्रबंधक को श्रम विभाग की दूसरी बार नोटिस

## नोटिस जारी कर 2 फरवरी के लिए उपस्थित होने की तिथि है मुकर्रर, श्रमिकों के मजदूरी से जुड़ा है मामला

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 30 जनवरी। जिले के गोंदवाली में स्थित त्रिमुला इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के नियोजक/प्रबंधक को सहायक श्रमायुक्त सिंगरौली ने दूसरी बार नोटिस जारी करते हुये 2 फरवरी तक दस्तावेजों के साथ उपस्थि होने के लिए पत्र जारी किया है।**



जानकारी के अनुसार पीड़ित श्रमिक विनोद कुमार साकेत निवासी गोरबी ने अपनी समस्याओं को लेकर पहले कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। श्रमिक का आरोप है कि उनसे लंबे समय तक कैमिस्ट के पद पर कार्य लिया गया, लेकिन समय पर वेतन और अन्य वैधानिक सुविधाएं नहीं दी गईं। कलेक्टर के निर्देश पर मामला श्रम विभाग को सौंपा गया, जहां जांच के बाद कंपनी को नोटिस जारी किया गया। पहले नोटिस के बावजूद जब कंपनी की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया और न ही आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए, तो श्रम विभाग ने अब दूसरी बार नोटिस जारी कर सख्त रुख अपनाया है। नोटिस में कंपनी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह नियोजन से जुड़े अभिलेख, उपस्थिति पंजी, वेतन पंजी सहित सभी दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे। इसके बावजूद संविदा त्रिमुला कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी श्रम विभाग के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहे हैं। इसे विभाग की अवहेलना माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि श्रमिकों के अधिकारों से जुड़ा यह मामला है, जिसे किसी भी स्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। श्रम विभाग के रुख से साफ है कि विभाग अब सख्त नजर आ रहा है। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि यदि इस बार भी कंपनी द्वारा जवाब नहीं दिया गया, तो प्रकरण में एक तरफा कार्रवाई करते हुए नियमानुसार दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे।

पीड़ित श्रमिक का कहना है कि उन्हें अब भी न्याय की उम्मीद है और वे चाहते हैं कि प्रशासन सख्त कार्रवाई कर उन्हें उनका हक दिलाए। फिलहाल, दूसरी बार जारी नोटिस के बाद भी कंपनी की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है और आने वाले दिनों में इस मामले में बड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# कोर वैल्यू इन्नोवेशन एवं लर्निंग पर प्रेरणादायी सत्र आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**विंध्यनगर 30 जनवरी। आरएलआई विंध्याचल ने वरिष्ठ नेतृत्व एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिए इन्नोवेशन एवं लर्निंग विषय पर एक प्रेरणादायी कोर वैल्यू टॉक का आयोजन किया।**

यह कार्यक्रम एनटीपीसी की सतत सीखने, अनुकूलनशीलता तथा नवाचार आधारित उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को पुन: सुदृढ़ करने वाला रहा। सत्र का उद्घाटन संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख द्वारा किया गया। उन्होंने एनटीपीसी के पूर्व कार्यकारी निदेशक अशेष कुमार मुखर्जी का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा वरिष्ठ प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत की। अपने संबोधन में श्री साहा ने विंध्याचल आगमन पर श्री मुखर्जी के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की और जनवरी माह को इन्नोवेशन एवं लर्निंग के लिए कोर वैल्यू माह के रूप में मनाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच एनटीपीसी के मूल्यों को दैनिक कार्यशैली एवं नेतृत्व व्यवहार में समाहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# हिंडालको रेनुसागर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**अनपरा 30 जनवरी।** आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, रेनुसागर में आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत जिला परिवहन अधिकारी मनोज गुप्ता ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है।

# डीपीएस निगाही में अंतर सदनीय एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

## लोकनृत्यों में झलकी भारतीय सांस्कृतिक विविधता,गंगा सदन ने जीते सर्वाधिक पुरस्कार

**नवभारत न्यूज**

**निगाही 30 जनवरी। दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही में अंतर-सदनीय एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**



उक्त प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर ने बताया कि विद्यार्थियों में कला-संस्कृति के प्रति रुचि विकसित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने, मंचीय अभिव्यक्ति को सुदृढ़ करने तथा भारतीय शास्त्रीय एवं लोक परंपराओं के साथ-साथ आधुनिक नृत्य शैलियों की समझ को विस्तार देने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता नियमित रूप से प्रतिवर्ष कराई जाती है। इस अंतर सदनीय एकल नृत्य प्रतियोगिता में चारों सदनों के तीन समूहों के छात्र-छात्राएँ प्रतियोगिता में शामिल थे। समूह ए की दूसरी एवं तीसरी, समूह बी की चौथी और पाँचवीं तथा समूह सी की छठी से आठवीं कक्षाओं के बच्चों ने अपने नृत्य कला का प्रदर्शन किया। वहीं बालकों ने आधुनिक शैलियों में माइकल जैक्सन, अघोरी शैली एवं हिंदी सिनेमा पर आधारित प्रभावशाली नृत्य के माध्यम से मंच पर अपनी ऊर्जा और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। निर्णायक मंडल के सदस्यों में प्राचार्य, प्रियंका राज, आंसू कौर एवं अंकिता दुबे ने बच्चों की नृत्य कला की प्रस्तुति, भाव-अभिनय, ताल एवं लय और मंचीय अभिव्यक्ति एवं सामग्रियों के साथ ही संपूर्ण प्रभावों का मूल्यांकन करते हुए समुचित निर्णय दिए।

# एनटीपीसी में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**शक्तिनगर 30 जनवरी। एनटीपीसी सिंगरौली ने सीएसआर के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं के सर्वांगीर्ण विकास को प्रोत्साहित करने के लिए तीन दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ आज दिन शुक्रवार को स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया।**



इस आयोजन में एनटीपीसी परियोजना से जुड़े आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 1500 से अधिक युवा खिलाड़ी उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ सहभागिता कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख संदीप नायक ने कहा ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का एक सशक्त मंच है। एनटीपीसी का यह प्रयास युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने, आत्मविश्वास अर्जित करने तथा अपनी क्षमताओं को पहचानने का अवसर प्रदान करता है।

# एनसीएल में मनाया जा रहा कोयला गुणवत्ता जागरूकता पखवाड़ा

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 30 जनवरी। एनसीएल में कोयला गुणवत्ता जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 19 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित इस पखवाड़े के अंतर्गत कंपनी में वृहद स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।**



इसी क्रम में निरीक्षण दल द्वारा एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं में सैंपल प्रिपरेशन यूनिट, प्रयोगशाला, सैंपल विश्लेषण प्रक्रिया तथा लोडिंग प्वाइंट्स, सीएचपी यूनिट, एएमएस, कोलयार्ड, साइडिंग एवं आरएलएस का जायजा लिया। साथ ही निरीक्षण के दौरान कोयला गुणवत्ता से जुड़ी प्रक्रियाओं की बारीकी से समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा इस पखवाड़े के तहत खड़िया एवं दुद्धिचुआ परियोजना द्वारा गुणवत्ता जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें सैंपल कलेक्शन प्रक्रिया और सैंपल्स तैयार करना एवं कोयले की सही गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी बारीकियों पर चर्चा की गयी।

# दुकान का ताला तोड़कर हजारों की सामग्री एवं 5 हजार कैश पार

## कोतवाली क्षेत्र में चोर चुस्त, पुलिस सुस्त, पचौर गांव में चोरों ने किराना दुकान को बनाया निशाना

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 30 जनवरी। जिले में पुलिस चोरियों व नशे को रोकने में नाकाम हो रही है आए दिन जिले के शहरी क्षेत्र में नशा व चोरी के मामले दिनोंदिन बढ़ते जा रहे हैं, जिससे लोगों का पुलिस प्रशासन से भरोसा उठता जा रहा है। वहीं इस मामले में कोतवाली टीआई ने कहा कि मुझे इसकी जानकारी अभी नही है। पता कराता हूँ।**



पुलिस लाईन पचौर में जहां जिले के अधिकांश पुलिस रहती है, शासकीय पालिटेक्निक कॉलेज के सामने शुक्ला किराना दुकान में रात में चोरों ने पांच हजार नकदी व किराना सामान को पार कर गए, दुकानदार मदन कुमार शुक्ला ने बताया कि विगत गुरुवार रात्रि 9 बजे दुकान में ताला बंद कर अपने घर जिला जेल पचौर बैढ़न के सामने चला गया। आज दिन शुक्रवार की सुबह दुकान के पड़ोसी धीरेन्द्र प्रसाद शुक्ला टहलने के लिए निकले तो दुकान का दरवाजा खुला हुआ दिखाई दिया, तो उन्होंने हमें फोन पर बताया कि दुकान का दरवाजा खुला हुआ है, तब हम दुकान में आकर देखा तो सभी सामान बिखरा हुआ, मिला व दरवाजे में लगा ताला तोड़कर दुकान में रखे कैश काउंटर से पांच हजार रुपये व पचास हजार रुपये से ऊपर का किराना सामान चोरी हो गए। पुलिस भी जांच की है, लेकिन इस क्षेत्र में अवैध गतिविधियां जोर-शोर से है। कोतवाली पुलिस एवं विभागीय के आला अफसरों की कार्यप्रणाली पर तरह-तरह के सवाल उठाये जाने लगे हैं।